समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, चण्डीगढ़ प्रशासन

# सहयोग



नए समाज की ओर
Towards a new dawn

चण्डीगढ़ प्रशासन
CHANDIGARH ADMINISTRATION

# SAHYOG

**Social Assistance and Help for Your Overall Guidance**

## महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए कल्याणकारी योजनाएं।

### समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग,
### चण्डीगढ़ प्रशासन

# महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएँ 1-8

1. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ।
2. सखी वन स्टॉप सेंटर।
3. महिला हेल्पलाइन ।
4. सखी निवास।
5. शक्ति सदन।
6. विधवाओं और बेसहारा महिलाओं को पेंशन।
7. शगुन योजना।
8. समाज के कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए प्रत्यक्ष ऋण योजना।
9. स्वावलंबन योजना।



# बच्चों के लिए कल्याणकारी योजनाएँ



1. आंगनवाड़ी-सह-क्रेच केंद्र ।
2. बाल हेल्पलाइन।
3. स्पॉन्सरशिप योजना।
4. बच्चा गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया।
5. वात्सल्य पालना।
6. परवरिश योजना।
7. विधवाओं और बेसहारा महिलाओं के आश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता ।
8. हमारी बेटी।



# वरिष्ठ नागरिकों के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

25-27

1. एल्डर लाइन ।
2. वृद्धावस्था पेंशन ।
3. वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र ।



# दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

28-36

1. दिव्यांग व्यक्तियों को पेंशन ।
2. दिव्यांग व्यक्तियों को पेट्रोल/डीजल पर सब्सिडी ।
3. दिव्यांग व्यक्तियों को बेरोजगारी भत्ता ।
4. सहायक उपकरणों की खरीद के लिए दिव्यांग व्यक्तियों को सहायता।
5. दिव्यांगजनों के लिए ऋण योजनाएं।
6. सहायक यंत्रों /उपकरणों की खरीद/ फिटिंग के लिए एडिप योजना ।
7. विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र ।



# अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

37-44

1. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए हेल्पलाइन ।
2. अनुसूचित जातियों के लिए ऋण योजना।
3. अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऋण योजना ।
4. अल्पसंख्यकों के लिए ऋण योजना ।
5. सफाई कर्मचारियों के लिए ऋण योजना ।
6. सफाई कर्मचारियों के बच्चों को नकद पुरस्कार ।
7. अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहन।
8. प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना ।



# ट्रांसजेंडर के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

45-46

- ट्रांसजेंडर हेल्पलाइन
- अलग शौचालय का प्रावधान।
- फीस माफ़।
- छात्रावास आदि में कन्सेशनल भोजन का प्रावधान।



# संस्थाओ के महत्वपूर्ण संपर्क विवरण

47-52

विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न संस्थान।

# महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY)

"18 वर्ष और 7 माह से 55 वर्ष तक उम्र की गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए पहले जीवित जन्म और दुसरे जीवित जन्म यदि लड़की है उनके लिए एक सशर्त नकद हस्तांतरण योजना है।"



## पात्रता मानदंडः

**लाभार्थी को निम्नलिखित में से कम से कम एक मानदंड को पूरा करना चाहिएः**

- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाएं।
- 40% या उससे अधिक दिव्यांग महिलाएं।
- बी.पी.एल. राशन कार्ड धारक महिलाएं।
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) की लाभार्थी महिलाएं।
- ई-श्रम कार्ड धारक महिलाएं।
- किसान सम्मान निधि की लाभार्थी महिला किसान।
- मनरेगा जॉब कार्ड धारक महिलाएं।
- जिनका परिवारिक वार्षिक आय 8 लाख से कम हो।
- गर्भवती और स्तनपान कराने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत राशन कार्ड धारक महिलाएं।
- केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित अन्य कोई श्रेणी।

## आर्थिक सहायता:

- **पहले बच्चे के लिए:**
  ₹ 5,000/- का लाभ दो किश्तों में ।
  ₹ 3,000/- ए.एन.सी. (गर्भावस्था जांच) के बाद।
  ₹ 2,000/- बच्चे के जन्म और 14 सप्ताह के टीकाकरण के बाद।

- **दूसरे बच्चे (यदि लड़की है) के लिए:**
  ₹ 6,000/- की राशि बच्चे के जन्म और 14 सप्ताह के टीकाकरण के बाद।

## आवश्यक दस्तावेज:

- आधार कार्ड (बैंक/डाकघर खाता विवरण के साथ लिंक हो)।
- मोबाइल नंबर।
- पात्रता का प्रमाण।
- एम.सी.पी./आर.सी.एच.आई. कार्ड।
- एल.एम.पी. (आखिरी मासिक धर्म) की तिथि।
- ए.एन.सी. (गर्भावस्था जांच) की तिथि।
- बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र।
- बच्चे के टीकाकरण का विवरण।

**अधिक जानकारी के लिए नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र में संपर्क करे या हेल्पलाइन Call Toll-Free 1800-1800-2244 का उपयोग करें।**



# सखी

## वन स्टॉप सेंटर, चण्डीगढ़

## नारी निकेतन परिसर, सैक्टर 26, चण्डीगढ़

फोन नंबर - 0172-2793026, मोबाइलः 8699997840 | ई-मेल sakhichd@gmail.com

सखी-वन स्टॉप सेंटर (ओ.एस.सी.) सार्वजनिक और निजी स्थानों पर हुई हिंसा से प्रभावित सभी महिलाओं को उनकी जाति, वर्ग, धर्म, क्षेत्र, यौन अभिविन्यास या वैवाहिक स्थिति के बावजूद, एक छत के नीचे बचाव और रेफरल सेवा प्रदान करता है।

### सखी में उपलब्ध सेवाएं :

- आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव सेवाएं।
- चिकित्सा सहयोग
- एफ.आई.आर/डी.डी.आर दर्ज कराने में सहयोग।
- साइको सोशल सपोर्ट/ परामर्श सेवाएं।
- कानूनी सहायता एवं परामर्श।
- अस्थायी आश्रय।
- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा।

### महिलाएं निम्नलिखित परिस्थितियों में सखी-वन स्टॉप सेंटर से संपर्क कर सकती हैं:

- छेड़-छाड़।
- यौन अपराध/ उत्पीड़न।
- घरेलू हिंसा।
- एसिड अटैक।
- महिला तस्करी (ट्रैफिकिंग)।
- बाल विवाह ।
- साइबर उत्पीड़न।
- दहेज उत्पीड़न।
- अन्य अपराध।
- बाल यौन शोषण।

**सूचना की गोपनीयता बनाये रखी जाएगी।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

महिला 181 हेल्पलाइन

# महिला हेल्पलाइन 181 टोल फ्री 24/7

## सम्पर्क करें

- जब कोई भी महिला सुरक्षा की जरूरत महसूस करे।
- जब तनाव महसूस करे।
- यदि घरेलू हिंसा एवं दुर्व्यवहार से पीड़ित हो।
- यदि वैवाहिक झगड़े से परेशान हो।
- यदि छेड़छाड़ का शिकार हुई हो।
- यदि परिवार द्वारा छोड़ दिए गया हो।
- यदि महिला यौन शोषण की शिकार हुई हो।
- यदि महिला को आश्रय की ज़रूरत हो ।
- यदि पुलिस थाने में रिपोर्ट लिखवाने में सहायता चाहती हो।

एकीकृत 112

1098 CHILD HELPLINE

## अन्य सेवाऐं जो महिलाओं से सम्बंधित हो ।

- परामर्श सेवाएं।
- कानूनी सहायता एवं परामर्श।
- महिलाओं से सम्बंधित सरकारी कार्यक्रमों/ योजनाओं एवं सेवाओं पर जानकारी।

**सूचना की गोपनीयता बनाये रखी जाएगी ।**

हेल्पलाइन नं.: 181, 99150-23456 | दिन – रात सेवा

## शक्ति सदन, सेक्टर 43, चंडीगढ़
## (Shakti Sadan, Sector 43, Chandigarh)

कठिन परिस्थितियों का सामना कर रही महिलाओं एवं तस्करी की गई महिलाओं के लिए शक्ति सदन की सुविधा उपलब्ध है। शक्ति सदन में महिलाओं को आश्रय, भोजन, कपड़े, परामर्श, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य दैनिक आवश्यकताएं प्रदान की जाती है। निवासियों को संबंधित विभागों की योजनाओं के अनुरूप व्यावसायिक प्रशिक्षण, बैंक खाते खोलने की सुविधा दी जाती है। शक्ति सदन में महिलाओं को जन धन योजना के अंतर्गत पांच सौ रुपए महीना भी दिया जाता है।

## सखी निवास (कार्यरत महिला छात्रावास), सेक्टर-23-बी व 24-बी, चंडीगढ़
## Sakhi Niwas (Working Women Hostel), Sector 23-B & 24-B, Chandigarh

यह छात्रावास काम काजी महिलाओं और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाली छात्राओं को आवास उपलब्ध कराता है। छात्रावास की कुल क्षमता सेक्टर 23बी में 40, तथा सेक्टर 24बी में 52 सीटों की है। यहाँ के बोर्डिंग और लॉजिंग शुल्क छात्रों और सेवा वर्ग के लिए किफायती हैं। छात्रावास का भोजन गृह ( मैस ) स्वयं निवासियों द्वारा सहकारी आधार पर संचालित किया जाता है।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :**

**एडीशनल टाउन हॉल बील्डिंग, तीसरी मंजिल, सैक्टर 17-सी, चण्डीगढ़**

# महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

| क्रमांक | योजना | आवश्यक दस्तावेज़ | पात्रता मापदंड | वित्तीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विधवाओं और बेसहारा महिलाओं को पेंशन। **Pension to Widows & Destitute Women** | • दो पासपोर्ट साइज फोटो<br>आवेदक के नाम पर तीन साल पुराना पासपोर्ट, टेलीफोन (बी.एस.एन.एल लैंड लाइन) बिल, चुनाव आयोग का फोटो पहचान पत्र, राशनकार्ड, मकान आवंटन पत्र, निवास प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि।<br>• भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड 3 साल पुराना /ई-आधार पत्र की कॉपी।<br>• जन्मतिथि दस्तावेज प्रमाण पत्र (नगर प्राधिकरण या अन्य अधिकृत कार्यालय द्वारा जारी स्कूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, पैनकार्ड आयु मूल्यांकन प्रमाण पत्र, पी.एम.ओ. सेक्टर 16 /32 सरकारी अस्पताल /औषधि द्वारा जारी वरिष्ठ नागरिक कार्ड इत्यादि। | • परिवार की आय ₹ 12,500/- प्रति माह से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br>• आवेदक यू. टी. चंडीगढ़ में पिछले तीन साल से रहता होना चाहिए।<br>• 18 - 60 साल की आयु वर्ष में विधवा महिला जैसे अपने पति के निधन के बाद निर्वाह के पर्याप्त साधनों के बिना छोड़ दिया गया है। | • ₹ 1000/- प्रति लाभार्थी। |

संपर्क केन्द्रों पर ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

| क्रमांक | योजना | आवश्यक दस्तावेज़ | पात्रता मापदंड | वित्तीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| 2 | शगुन योजना **Shagun Scheme** | • आवेदक यू.टी. चंडीगढ़ का तीन साल से निवासी होना चाहिए। ( *पात्रता मानदंड की यह शर्त बाल देखभाल संस्थान, आफ्टर केयर होम और नारी निकेतन में रहने वाली लड़कियों पर लागू नहीं होती है। हालांकि उन्हें लगातार तीन साल तक घर में रहना चाहिए। )<br>• यह योजना केवल महिलाओं के लिए लागू है।<br>• विवाह की तिथि पर महिला की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।<br>• पुनर्विवाह के मामले में, आवेदक को अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र या सक्षम क्षेत्राधिकार के न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति प्रस्तुत करनी होगी, जहां आवेदक/ महिला के पति को मृत घोषित कर दिया गया हो | • समाज कल्याण विभाग में पेंशन ले रही विधवाओं की पुत्रियां या पेंशन धारक निराश्रित महिला या उनके पुनर्विवाह के लिए ।<br>• विकलांगता पेंशन धारक महिलाओं की बेटियों के लिए ।<br>• बाल देखभाल संस्थानों, आफ्टर केयर होम और नारी निकेतन ( सेक्टर 26 ) में कम से कम तीन साल रहने वाली लड़कियों / महिलाओं के लिए ।<br>• अंत्योदय योजना में पंजीकृत परिवार की बेटियों / महिलाओं के लिए।<br>• पंजीकृत महिला स्ट्रीट वेंडर/पंजीकृत स्ट्रीट वेंडरों की बेटियाँ।<br>• चंडीगढ़ प्रशासन के विभागों में आउटसोर्स पर काम करने वाली महिला सफाई कर्मचारी की बेटियों के लिए। | • ₹ 31000/-<br>₹ 11,000/- शादी से पहले ।<br>• ₹ 20,000/- विवाह पंजीकृत होने के बाद। |

| क्रमांक | योजना | आवश्यक दस्तावेज़ | पात्रता मापदंड | वित्तीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| 3 | समाज के कमजोर वर्गों की महिलाओं के लिए प्रत्यक्ष ऋण योजनाः<br>**Direct loan scheme for women belonging to weaker sections of society** | • निवास प्रमाण (चुनाव आयोग फोटो पहचान पत्र/राशन कार्ड/बिजली बिल आदि)।<br>• आधार कार्ड की प्रति ।<br>• ₹ 50,000/- से अधिक की ऋण राशि के लिए सरकारी कर्मचारी की जमानत आवश्यक है।<br>• आवेदक की चार पासपोर्ट आकार की तस्वीरें।<br>• पोस्ट डेटेड बैंक चेक।<br>• संबंधित बैंक से एनओसी।<br>• बैंक पासबुक की फोटोकॉपी। | • समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की महिलाएं।<br>• आयु सीमा 18 से 55 वर्ष होनी चाहिए।<br>• परिवार का केवल एक सदस्य ही ऋण प्राप्त कर सकता है।<br>• आवेदक यू.टी. चंडीगढ़ का निवासी होना चाहिए। | • ऋण अधिकतम ₹ 75,000/- तक की राशि के लिए बहुत मामूली ब्याज दर, 4% - 6% तक प्रदान किया जाता है |
| 4 | स्वावलंबन योजना<br>**Swavalamban Scheme** | • आय प्रमाण पत्र/शपथ पत्र।<br>• एक पासपोर्ट आकार का फोटो।<br>• योग्यता (कंप्यूटर कोर्स के लिए न्यूनतम 10वीं कक्षा और अन्य पाठ्यक्रमों के लिए 5वीं कक्षा)। | • समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं ।<br>• आवेदक यू. टी. चंडीगढ़ में पिछले तीन साल से रहता होना चाहिए। | • डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर (कंप्यूटर कोर्स)<br>• स्व-कर्मचारी दर्जी कोर्स (कटिंग और टेलरिंग)<br>• ब्यूटी थेरेपिस्ट कोर्स<br>• होम केयर नर्सिंग कोर्स (रोटरी क्लब मिडटाउन, चंडीगढ़) |



# बच्चों के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

# आंगनवाड़ी-सह-क्रेच केंद्र
# Anganwadi-cum-Creche Centre

**चंडीगढ़ में 450 आंगनवाड़ी केंद्र कार्यरत हैं, जिनमे से 200 आंगनवाड़ी-सह-क्रेच केंद्र हैं। इन केन्द्रो में गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, बच्चों (जन्म से 6 वर्ष), के लिए मिलने वाली मुख्य सुविधाएं/लाभ निम्नलिखित हैं**

- पूरक पोषण (SUPPLEMENTARY NUTRITION)
- प्री-स्कूल अनौपचारिक शिक्षा (PRE-SCHOOL NONFORMAL EDUCATION)
- पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा (NUTRITION & HEALTH EDUCATION)
- टीकाकरण (IMMUNIZATION)
- स्वास्थ्य जांच एवं रेफरल (HEALTH CHECKUP & REFFERAL)

**आंगनवाड़ी का समय : प्रत्येक सोमवार से शनिवार सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक ।**

**क्रेच का समय : प्रत्येक सोमवार से शनिवार सुबह 8:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक ।**



# गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को मिलने वाली सुविधाएं/लाभ

## पूरक पोषण और अतिरिक्त आहार

आंगनवाड़ी केंद्र में आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पूरक पोषण (टी.एच.आर.) के रूप में भुना हुआ गेहूँ का दलिया, प्रीमिक्स खिचड़ी प्रतिवर्ष 300 दिनों के लिए प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त भुना चना, रागी पोषक बर्फी (प्रत्येक सप्ताह में 3 बार) उपलब्ध करवाई जाती है।

## पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा

आंगनवाड़ी केन्द्रो पर नियमित आधार पर गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषित आहार, स्वच्छता, बाल देखभाल और स्वास्थ्य शिक्षा के बारे में जानकारी प्रदान करवाई जाती है।

## पोषण सदस्यता योजना

एक विशेष पहल के तहत गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में रक्त की कमी और अनीमिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ के द्वारा परामर्श दिया जाना और समय-समय पर लाभार्थियों के रक्त स्तर की जांच करवाना शामिल है।

## प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर जांच एवं देखभाल

ANM के साथ मिलकर गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती है।

## औषधीय सहायता

स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के साथ मिलकर आयरन फोलिक एसिड की गोलियाँ गर्भवती महिलाओं को प्रदान की जाती है।

## पोषण हेल्पलाइन (180018002244)

स्वास्थ्य विशेषज्ञ के द्वारा (प्रत्येक शुक्रवार प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक ) पोषण हेल्पलाइन नंबर पर, स्वास्थ्य सलाह के लिए कोई भी व्यक्ति अपनी स्वास्थ्य समस्या से संबंधित जानकारी ले सकता है।

# जन्म से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं / लाभ

## पूरक पोषण और अतिरिक्त आहार

टेक-होम राशन ( THR ) के रूप में प्रतिवर्ष 300 दिनों के लिए, 6 माह से 3 वर्ष आयु तक के बच्चों के लिए टेक-होम राशन और 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए पका हुआ भोजन आंगनवाड़ी में प्रदान किया जाता है ।



# पूरक पोषण आहार के अतिरिक्त बच्चों को मिलने वाली सामग्री

| क्र.सं | सामग्री का नाम | श्रेणी/आयु वर्ग |
|---|---|---|
| 1 | दूध | (06 महीने से 6 वर्ष के बच्चे), गंभीर रूप से कुपोषित (SAM) और मध्यम रूप से कुपोषित (MAM), कम वजन तथा कम ऊंचाई वाले बच्चों के लिए |
| 2 | केला | 06 महीने से 6 वर्ष बच्चों के लिए |
| 3 | अंडा | 06 महीने से 6 वर्ष बच्चों के लिए |
| 4 | चिड़वा नमकीन | गंभीर रूप से कुपोषित (SAM) और मध्यम रूप से कुपोषित (MAM), कम वजन तथा कम ऊंचाई वाले बच्चों के लिए (3 वर्ष से 6 वर्ष आयु) |
| 5 | भुना चना | गंभीर रूप से कुपोषित (SAM) और मध्यम रूप से कुपोषित (MAM), कम वजन तथा कम ऊंचाई वाले बच्चों के लिए (3 वर्ष से 6 वर्ष आयु) |
| 6 | रागी पोषक बर्फी | गंभीर रूप से कुपोषित (SAM) और मध्यम रूप से कुपोषित (MAM), कम वजन तथा कम ऊंचाई वाले बच्चों के लिए (3 वर्ष से 6 वर्ष आयु) |

## विकास निगरानी

- आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रत्येक माह बच्चों का वजन और लंबाई मापी जाती है।
- कुपोषित बच्चों की विशेष देखभाल की जाती है।
- सही पोषण और आवश्यक सलाह देकर बच्चों की सेहत में सुधार किया जाता है।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित बच्चे की निगरानी तब तक करती हैं, जब तक वह पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं हो जाता।

## बच्चों को पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा

- माता-पिता को पौष्टिक खाना बनाने और उसे सुरक्षित रखने के तरीके सिखाए जाते हैं।
- बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी माता - पिता को प्रदान की जाती है।
- बच्चों को खेल-खेल में रंग, आकार और गिनती सिखाई जाती है।
- प्रत्येक माह की 15 तारीख को ECCE दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों के समग्र विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा प्रदान करना है।
- सही पोषण देकर बच्चों को कुपोषण से बचाया जाता है।

## टीकाकरण

- बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए प्रत्येक माह के अंतिम शुक्रवार को टीकाकरण अभियान चलाया जाता है।
- यह अभियान स्वास्थ्य विभाग की मदद से सभी 450 आंगनवाड़ी केंद्रों पर आयोजित किया जाता है।

## रेफरल सेवाएँ

स्वास्थ्य जांच और विकास निगरानी के दौरान, बीमार या कुपोषित बच्चों को, जिन्हें तत्काल चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता होती है, उसको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या उप-केंद्र में भेजा जाता हैं।

## आंगनवाड़ी वर्दी (3 से 6 वर्ष आयु के बच्चे)

3 वर्ष से 6 वर्ष की आयु वर्ग के आंगनवाड़ी आने वाले बच्चों को गर्मी और सर्दी के अनुसार वर्दी और जूते भी उपलब्ध करवाए जाते हैं।

## औषधीय सहायता

आयुर्वेदिक औषधियां आवश्यकता के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्र के द्वारा प्रदान की जाती हैं।

**आंगनवाड़ी का समय : प्रत्येक सोमवार से शनिवार सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक।**

**क्रेच का समय : प्रत्येक सोमवार से शनिवार सुबह 8:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक।**

**- महीने के हर दूसरे शनिवार को आँगनवाड़ी सह क्रेच में छुट्टी होती है। -**

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :**

**आंगनवाड़ी-सह-क्रेच केंद्र की जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट पर क्लिक करें।**

**https://chdsw.gov.in/**

---

पोषण हेल्पलाइन

Call Toll-Free

**1800-1800-2244**

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

POSHAN Abhiyaan
PM's Overarching Scheme for Holistic Nourishment
सही पोषण - देश रोशन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023

चण्डीगढ़ प्रशासन
CHANDIGARH ADMINISTRATION

# पोषण हेल्पलाइन
# POSHAN HELPLINE

## 1800-1800-2244
## टोल फ्री नंबर पर कॉल करें।

### अब अपने स्वास्थ्य सम्बंधित प्रश्न सीधे

**पी.जी.आई.एम.ई.आर., जी.एम.सी.एच.-32, जी.एम.एस.एच.-16**
**और आयुष विभाग के विशेषज्ञों से पूछें।**

**समय :** प्रत्येक शुक्रवार सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक ।

## कॉल बुक करवाने हेतु संपर्क करें।
**सोमवार से शुक्रवार (सभी कार्य दिवसों पर)**
**सुबह 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक**

यह सुविधा किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करवाने वाली माताओं तथा जन्म से 6 वर्ष की आयु तक बच्चों के लिए उपलब्ध है ।

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

बाल हेल्पलाइन 1098

चण्डीगढ़ प्रशासन
CHANDIGARH ADMINISTRATION

# बाल हेल्पलाइन-1098
# CHILD HELPLINE-1098

**24x7 टोल-फ्री हेल्पलाइन है जो संकट में फंसे बच्चों की सहायता के लिए समर्पित है।**

- गुमशुदा, अनाथ, लावारिस और बेघर बच्चों की जानकारी दर्ज करना और जरूरत पड़ने पर बाल देखभाल संस्थानों में आश्रय उपलब्ध कराना।
- शैक्षिक संस्थानो में प्रवेश से संबन्धित समस्याएँ और बच्चों या स्कूल के कर्मचारियों द्वारा उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करना।
- आक्रामकता, चिंता, या तनाव जैसी व्यवहार संबंधी समस्याओं से जूझ रहे बच्चों के लिए परामर्श प्रदान करना।
- यौन शोषण या उत्पीड़न के मामलों में संकट हस्तक्षेप, रिपोर्टिंग और POCSO अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करना।
- भीख मांगने और मजदूरी करने वाले बच्चों की सूचना दर्ज करना।
- बच्चे को गोद लेने की जानकारी उपलब्ध करवाना।
- दिव्यांग बच्चे से संबंधित योजनाओ की जानकारी देना।
- बाल केन्द्रित योजनाओं की जानकारी देना।




**सूचना की गोपनीयता बनाये रखी जाएगी**

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :** ई-मेलः 1098chlchd@gmail.com

# स्पॉन्सरशिप योजना
# Sponsorship Scheme

**स्पॉन्सरशिप योजना के तहत उन परिवारों के लिए पूरक सहायता का प्रावधान किया गया है जिन्हें अपने बच्चों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता है।**

## वित्तीय सहायता

बच्चों को उनकी चिकित्सा, शैक्षिक और विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रति माह ₹ 4000/- प्रदान किए जाते हैं। इस योजना का लाभ 18 वर्ष की आयु तक दिया जाता है।

## पात्रता मापदंड

- बच्चा चंडीगढ़ का निवासी होना चाहिए।
- विधवा या तलाकशुदा माता के बच्चे।
- वे बच्चे जो अनाथ हैं और विस्तारित परिवार के साथ रह रहे हैं।
- ऐसे माता-पिता के बच्चे जो खतरनाक/ ला-इलाज बीमारी से ग्रसित हैं।
- आर्थिक और शारीरिक रूप से बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ माता-पिता के बच्चे।
- जे.जे. अधिनियम, 2015 के अनुसार देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चे, जिनके पास घर नहीं है, किसी प्राकृतिक आपदा के शिकार, बाल श्रम, बाल विवाह के शिकार, तस्करी के शिकार बच्चे, एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चे, विकलांग बच्चे, भागे हुए बच्चे, भिखारी या सड़क पर रहने वाले बच्चे।
- पी.एम. केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत लाभार्थी बच्चे।
- अधिकतम वार्षिक पारिवारिक आय ₹ 96,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## कहां आवेदन करें:

जिला बाल संरक्षण इकाई, स्नेहालय बिल्डिंग, प्रथम तल, मलोया, यू.टी. चंडीगढ़, संपर्क नंबर-0172-2643654

# बच्चा गोद लेना एक कानूनी प्रक्रिया है
# CHILD ADOPTION IS A LEGAL PROCESS

किसी भी व्यक्ति, दंपत्ति, सौतेले माता - पिता व रिश्तेदारों को बच्चा गोद लेने के लिए भारत सरकार के कैरिंग्स पोर्टल - **carings.wcd.gov.in** पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

## इन संस्थानों से बच्चा गोद लेना गैर कानूनी है:-

- ☞ नर्सिंग होम
- ☞ मैटरनिटी होम
- ☞ अस्पताल
- ☞ अवैध संस्थान
- ☞ दलालों या बिचौलियों के द्वारा

गैर कानूनी तौर पर बच्चा गोद लेने या खरीदने पर **3-5 साल तक की सज़ा और 1 लाख का जुर्माना** हो सकता है।

**सूचना एवं जानकारी के लिये सम्पर्क करें:-**

TOLL FREE NO. OF CARA
**1800111311**

District Child Protection Unit
**0172-2643654**

**राज दत्तक–ग्रहण संसाधन अभिकरण**
**State Adoption Resource Agency**
under the aegis of Department of Social Welfare, Women & Child Development, Chandigarh Administration

# वात्सल्य पालना- *बच्चों का सुरक्षित परित्याग*
# Vatsalya Palna - Safe Abandonment of Children

**अपनी विवशता को सही जानकारी से हराएँ,**
**अनचाहे शिशु को छोड़ने के लिए कचरा या नाली नहीं वात्सल्य पालना अपनाएं**
**और क़ानूनी कार्यवाही से खुद को बचाएं।**

कोई भी व्यक्ति जो अपने नवजात शिशु की देखभाल नहीं करना चाहता या देखभाल करने में असमर्थ है और इस वजह से बच्चे को छोड़ना चाहता है तो वह निम्नलिखित वात्सल्य पालना में सुरक्षित रूप से बच्चे को छोड़ सकता है:-

- चिल्ड्रन होम स्नेहालय फॉर बॉयज, मलोया, चंडीगढ़।
- चिल्ड्रन होम स्नेहालय फॉर गर्ल्स, सेक्टर 15, चंडीगढ़।
- नारी निकेतन, सेक्टर 26, चंडीगढ़।

**छोड़े गए बच्चे को भारत सरकार के गोद लेने के नियमों के अनुसार गोद दिया जाएगा।**



**बच्चे को वात्सल्य पालना में डालने वाले व्यक्ति पर किसी भी तरह की क़ानूनी कार्यवाही नहीं की जाती है।**

## परवरिश योजना के तहत लाभार्थियों की श्रेणियाँ:

- कोविड के कारण अनाथ हुए बच्चे या वे बच्चे जिन्होंने कोविड के कारण अपने माता-पिता में से किसी एक को खो दिया है और जीवित अभिभावक ने बच्चे को छोड़ दिया है ।
- कोविड के कारण अनाथ हुए बच्चे जो अभिभावकों/विस्तारित परिवारों के साथ रह रहे हैं
- वे बच्चे जिन्होंने कोविड के कारण अपने माता-पिता में से किसी एक को खो दिया है और जीवित अभिभावक /विस्तारित परिवार के साथ रह रहे हैं।
- कोविड पॉजिटिव बच्चे।

## योजना के अंतर्गत शामिल लाभः

- **वित्तीय सहायताः** 18 वर्ष की आयु तक प्रत्येक बच्चे को ₹ 5000/- की वित्तीय सहायता ।
- यदि बच्चा 18 वर्ष के बाद पढ़ाई छोड़ देता है और 21 वर्ष की आयु तक बेरोजगार रहता है तो उसकी ₹ 5000/- की वित्तीय सहायता जारी रखी जाएगी।
- कोविड पॉजिटिव बच्चों को उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 03 महीने तक ₹ 2500/- प्रति माह दिए जाएंगे।

- **शैक्षिक लाभः** सरकारी स्कूलों में कक्षा 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा। निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पर्याप्त वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- 1 वर्ष तक के अल्पकालिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम करने वाले युवाओं को ₹ 25,000/- तक की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- स्नातक या समकक्ष 3 वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम करने वाले युवाओं को ₹ 50,000/- तक की सहायता प्रदान की जाएगी। व्यावसायिक डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं को ₹ 1,00,000/- तक की सहायता प्रदान की जाएगी।
- **अन्य लाभः** बच्चों को परामर्श और मनोवैज्ञानिक देखभाल प्रदान करना।

## पात्रता मापदंड:

• यह योजना यू.टी. चंडीगढ़ के निवासियों के लिए स्वीकार्य होगी, बशर्ते कि माता-पिता का निवास प्रमाण के रूप में आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई.डी./बिजली बिल आदि प्रस्तुत किया जाए।

• बच्चे की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। आयु जन्म प्रमाण पत्र या अंतिम बार उपस्थित किसी शैक्षणिक/तकनीकी संस्थान के प्रमुख से प्रमाण पत्र के आधार पर स्थापित की जाएगी। यदि किसी बच्चे के पास कोई वैध आयु प्रमाण नहीं है, तो बच्चे की आयु किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

• माता-पिता दोनों की मृत्यु का कारण कोविड होना चाहिए, जो मृत्यु प्रमाण पत्र या माता-पिता के कोविड पॉजिटिव होने के प्रमाण के आधार पर स्थापित किया जाएगा, जो उनकी मृत्यु से 3 महीने से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।

• वार्षिक पारिवारिक आय 5 लाख रुपये से कम होनी चाहिए (केवल श्रेणी- III के लिए लागू)

## कहां आवेदन करें:

- जिला बाल संरक्षण इकाई, स्नेहालय बिल्डिंग, प्रथम तल, मलोया, यू.टी. चंडीगढ़।
- संपर्क नंबर- 0172- 2643654



# हमारी बेटी (Hamari Beti)

## आवश्यक दस्तावेजः

- चंडीगढ़ का वैध निवास प्रमाण पत्र (जैसे आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली/टेलीफोन बिल, या बैंक पासबुक)।
- संस्थागत प्रसव के संबंध में अस्पताल द्वारा जारी डिस्चार्ज स्लिप।
- बच्ची के जन्म प्रमाण पत्र।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत प्राथमिक गृहस्थ राशन कार्ड या अन्य कोई प्रमाण।

## पात्रता मानदंडः

- बच्ची के माता-पिता/अभिभावक को बच्ची के जन्म की तारीख से कम से कम छह महीने तक चंडीगढ़ का निवासी होना चाहिए।
- लाभ का दावा बच्ची के जन्म की तारीख से छह महीने के भीतर किया जा सकता है।
- अधिकतम दो जीवित बच्चियों को प्रोत्साहन मिलेगा।
- बच्ची किसी अन्य राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की समान योजना के तहत शामिल नहीं होनी चाहिए।
- परिवार की वार्षिक आय 1.50 लाख से कम हो।
- नियमित सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी योजना के लिए पात्र नहीं हैं।

## आर्थिक सहायताः

- ₹ 40,000/- की राशि बच्ची के नाम पर और कार्यक्रम अधिकारी के साथ संयुक्त खाते में निवेश की जाएगी।
- खाता पांच वर्षों के लिए निवेशित रहेगा और 18 वर्षों की अवधि तक इसे बढ़ाया जाएगा।
- निवेश राशि की परिपक्वता होने पर (म्याच्योरिटी) लड़की को राशि एक किश्त में जारी की जाएगी, यदिः
  - वह 18 वर्ष की हो चुकी हो।
  - उसने 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
  - वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हो।

**अधिक जानकारी के लिए नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र में संपर्क करे या**

**हेल्पलाइन** *Call Toll-Free* **1800-1800-2244**

(सभी कार्य दिवस पर, समय 10:00 AM से 5:00 PM)

# बच्चों के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

| क्रमांक | योजना | आवश्यक दस्तावेज़ | पात्रता मापदंड | वित्तीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विधवाओं और बेसहारा महिलाओं के आश्रित बच्चों को पेंशन। Financial Assistance to Dependent Children of Widows & Destitute Women | • आश्रित बच्चों की माता की विधवा पेंशन की स्वीकृति आदेश की आवश्यक है।<br>• बच्चों के जन्म तिथि का दस्तावेज प्रमाण पत्र।<br>• बच्चों व माता की संयुक्त फोटो। | • विधवाओं और बेसहारा महिलाओं के 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, जिनकी माताएं समाज कल्याण विभाग से पेंशन प्राप्त कर रही हैं। | • ₹ 1000/- प्रति लाभार्थी<br>(एक परिवार में दो बच्चों तक) |





# वरिष्ठ नागरिकों के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

# एल्डर लाइन

NATIONAL HELPLINE FOR SENIOR CITIZENS

Call Toll-Free

# 14567

## जानकारी



वृद्धाश्रम, केयर गिवर, गतिविधि केंद्र आदि पर जानकारी।

## सहायता



दुर्व्यवहार से पीड़ित तथा त्यागे गये बुजुर्गों की सहायता ।

## कानूनी मार्गदर्शन



कानूनी और पेंशन सम्बंधित मुद्दों पर मार्गदर्शन।

## भावनात्मक सहारा



भावनात्मक सहारे के लिए एल्डर लाइन 14567 पर संपर्क करें।

# प्रातः 8:00 से सायं 8:00 तक

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :

एडीशनल टाउन हॉल बील्डिंग, तीसरी मंजिल, सैक्टर 17-सी, चण्डीगढ़

ई-मेलः sch14567chandigarh@gmail.com

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए योजनाएँ

| क्रमांक | योजना | आवश्यक दस्तावेज़ | पात्रता मापदंड | वित्तीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वृद्धावस्था पेंशन<br><br>**Old age Pension** | • दो पासपोर्ट साइज फोटो<br>• यू.टी., चंडीगढ़ का तीन साल का निवास प्रमाण पत्र (चुनाव आयोग फोटो पहचान पत्र, राशन कार्ड, मकान आवंटन पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बिजली बिल, पानी बिल, टेलीफ़ोन लैंडलाइन बिल)<br>• आधार कार्ड<br>• जन्मतिथि का दस्तावेजी प्रमाण<br>• आधार से जुड़ी बैंक पासबुक | • आवेदक की मासिक पारिवारिक आय सालाना ₹ 1.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।<br><br>• 3 साल से ज़्यादा समय से यू.टी., चंडीगढ़ का निवासी हो। आयु 60 वर्ष और उससे ज़्यादा हो। | • ₹ 1000/- प्रति माह |
| 2 | वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र<br>**Senior Citizen Identification Card** | • पहचान प्रमाण फोटो।<br>• निवास प्रमाण।<br>• जन्म तिथि प्रमाण। | • आवेदक की आयु 60 वर्ष होनी चाहिए।<br>• आवेदक चंडीगढ़ का निवासी होना चाहिए। | |

**संपर्क केन्द्रों पर ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।**



# दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

# दिव्यांगजनो के लिए कल्याणकारी योजनाएँ

| क्रमांक | योजना | आवश्यक दस्तावेज़ | पात्रता मापदंड | वित्तीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दिव्यांग व्यक्तियों को पेंशन (दिव्यांगजन)<br>**Pension to Person with Disabilities (Divyangjan)** | • विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (UDID)।<br>• दो पासपोर्ट साइज फोटो।<br>• यू.टी., चंडीगढ़ का तीन साल का निवास प्रमाण पत्र (चुनाव आयोग फोटो पहचान पत्र, राशन कार्ड, मकान आवंटन पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बिजली बिल, पानी बिल, टेलीफ़ोन लैंडलाइन बिल)।<br>• आधार कार्ड।<br>• जन्मतिथि का दस्तावेजी प्रमाण (जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रार द्वारा जारी किया गया जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, पैन कार्ड, पी.एम.ओ. (प्रधान चिकित्सा अधिकारी), सेक्टर 16/32/ पी.जी.आई. से आयु मूल्यांकन प्रमाण पत्र / सरकारी अस्पताल / औषधालय, वरिष्ठ नागरिक कार्ड)।<br>• आधार से जुड़ी बैंक पासबुक।<br>• आय प्रमाण पत्र (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी)। | • न्यूनतम 40% दिव्यांगता।<br>• आवेदक कम से कम पिछले 3 वर्षों से यू. टी., चंडीगढ़ का निवासी होना चाहिए।<br>•आवेदक की पारिवारिक आय सभी संसाधनों से 1.50 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। | • रु. 1,000/- प्रति माह प्रति लाभार्थी (दिव्यांगता 40-70%) और<br>• ₹ 2,000/- प्रति माह प्रति लाभार्थी दिव्यांगता 70% से अधिक। |

संपर्क केन्द्रों पर ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

| क्रमांक | योजना | आवश्यक दस्तावेज़ | पात्रता मापदंड | वित्तीय सहायता |
|---|---|---|---|---|
